भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 01.11.2022

आरेडिका में सर्तकता जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम

सतर्कता जागरूकता सप्ताह – 2022 के उपलक्ष मे आज दिनांक 01 नवम्बर को आधुनिक रेल डिब्बा कारख़ाना, रायबरेली में सुबह 07:30 बजे, केंद्रीय विद्यालय/आरेडिका के प्रांगण में वरिष्ठ सतर्कता अधिकारी/आरेडिका/रायबरेली द्वारा प्रधानाचार्य, सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों को "सतर्कता प्रतिज्ञा" दिलाई गयी एवं साथ ही "भ्रष्टाचार मुक्त भारत – विकसित भारत" के विषय पर व्याख्यान भी दिया गया। इसी क्रम में "भ्रष्टाचार मुक्त भारत–विकसित भारत; Corruption Free India for a developed Nation" विषय पर वाद–विवाद, निबंध लेखन एवं कार्टून–पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय विद्यालय के लगभग 100 विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।

अपराहन में कार्य निविदा से सम्बधित विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया जिसमें यात्रिंक विभाग के वरिष्ठ अध्किारियों CWE/Shell एवं CPLE के द्वारा सतर्कता विभाग के अधिकारियों की भागिदारी में व्याख्यान दिया गया। इसमें Google meet माध्यम से लगभग 100 लोगों ने हिस्सा लिया।

01/11/2022

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी